Roll No. : ....

Total No. of Questions : **11**] [Total No. of Printed Pages : **3**

ED–2043

B.Ed. (IInd Year) Examination, 2022

हिन्दी शिक्षण का विज्ञान

Paper - C–VII(b) (1)

Time : 3 Hours] [*Maximum Marks : 80*

खण्ड–अ **(अंक : 2 × 10 = 20)**

नोट :– सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **50** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **2** अंक का है।

खण्ड–ब **(अंक : 6 × 5 = 30)**

नोट :– सभी **पाँच** प्रश्नों के उत्तर दीजिए। प्रत्येक प्रश्न में विकल्प का चयन कीजिए (उत्तर-सीमा **200** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **6** अंक का है।

खण्ड–स **(अंक : 10 × 3 = 30)**

नोट :– पाँच में से किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिए (उत्तर-सीमा **500** शब्द)। प्रत्येक प्रश्न **10** अंक का है।

खण्ड–अ

1. सभी **दस** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

   (i) वाचन के प्रकारों को स्पष्ट कीजिए।

   (ii) मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा की स्थिति को हिन्दी शिक्षण में स्पष्ट कीजिए।

   (iii) श्रवण एवं लेखन का भाषा शिक्षण में महत्व बताइये।

(iv) शिक्षण की दृष्टि से भाषण-कौशल के मुख्य पदों को बताइए।

(v) उच्चारण कौशल के मुख्य **तीन** पक्ष कौन-कौनसे हैं ?

(vi) मातृभाषा तथा अन्य भाषा की ध्वनि व्यवस्था में अन्तर होने के मुख्य कारण क्या हैं ?

(vii) सूक्ष्म शिक्षण एवं दैनिक पाठ योजना में क्या अन्तर है ?

(viii) किसी भाषा की व्यवहार-कुशलता प्राप्त करने के लिए किन कुशलताओं का अर्जन करना आवश्यक है ?

(ix) कक्षा-कक्ष शिक्षण के सिद्धान्त बताइए।

(x) हिन्दी भाषा शिक्षण में पाठ्यपुस्तक की भूमिका को बताइए।

खण्ड–ब

2. कक्षा-कक्ष में भाषायी अशुद्धियों के निराकरण के उपायों को बताइए।

अथवा

विद्यार्थियों की अभिव्यक्ति सुधार में व्याख्यान एवं वाद-विवाद की भूमिका का वर्णन कीजिए।

3. भाषा शिक्षण की प्रयोगशाला का उपयोग शिक्षण में किस प्रकार किया जा सकता है ? किन्हीं **तीन** उपकरणों का वर्णन कीजिए।

अथवा

उच्चारण की अशुद्धियाँ भाषा को किस प्रकार प्रभावित करती हैं ? अध्यापक किस प्रकार इसका निवारण कर सकता है ? स्पष्ट कीजिए।

4. किन्हीं **दो** शिक्षण कौशल पर सूक्ष्म पाठ योजना का निर्माण कीजिए।

अथवा

प्रिन्ट मीडिया से आप क्या समझते हैं ? भाषा शिक्षण में इसकी भूमिका का वर्णन कीजिए।

5. गद्य विधा से पढ़ाने के विभिन्न चरणों को स्पष्ट कीजिए।

अथवा

व्याकरण पढ़ाने की सबसे उपयुक्त विधि को उदाहरण सहित समझाइए।

6. सेकण्डरी स्तर पर हिन्दी भाषा-शिक्षण के उद्देश्यों का वर्णन कीजिए।

अथवा

श्यामपट्ट का प्रयोग भाषा शिक्षण में किस प्रकार उपयोगी है ? सविस्तार समझाइए।

खण्ड–स

7. मूल्यांकन का अर्थ स्पष्ट करते हुए इसकी विशेषताएँ बतइाए। हिन्दी भाषा शिक्षण में सतत् मूल्यांकन का आयोजन किस प्रकार करेंगे ?

8. भाषा शिक्षण में विविध दृश्य-श्रव्य उपकरणों की उपयोगिता का वर्णन कीजिए। यह कक्षा-कक्ष अनुशासन को किस प्रकार प्रभावित करते हैं ? किन्हीं **चार** उपकरणों को स्पष्ट कीजिए।

9. शिक्षण की विभिन्न विधाओं का विस्तार से वर्णन कीजिए।

10. भाषा एवं सम्प्रेषण का क्या सम्बन्ध है ? बाल्यावस्था एवं किशोरावस्था में भाषा के विकास पर सम्प्रेषण के प्रभाव को स्पष्ट कीजिए।

11. हिन्दी भाषा में पाठ्यपुस्तक का महत्व बताते हुए एक अच्छी पाठ्यपुस्तक की विशेषताओं का वर्णन कीजिए।